दिन– शनिवार | दिनांक–16 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश की पच्चीस हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का पुनर्निर्माण, उन्नयन और नवीनीकरण किया जाएगा। अगले वर्ष मार्च महीने तक ध्वस्त हुये छह सौ पुल–पुलियों का किया जायेगा निर्माण।

02. निगरानी जांच ब्यूरो ने नियोजित शिक्षकों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच पूरी की। दो हजार सात सौ अड़सठ आरोपी शिक्षकों के खिलाफ दर्ज किया गया मामला।

03. राजगीर में आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत का मुकाबला चीन से।

04. और, पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने के साथ ही प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में आई गिरावट। हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में सुबह से ही छाया हुआ है घना कोहरा।

---

प्रदेश की पच्चीस हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का पुनर्निर्माण, उन्नयन और नवीनीकरण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री चौधरी ने बताया कि राज्य में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण और प्रबंधन कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

–––बाईट–––

श्री चौधरी ने बताया कि अगले वर्ष मार्च महीने तक मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत ध्वस्त हुये छह सौ पुल–पुलियों का निर्माण पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष में अन्य ध्वस्त हुये चार सौ पुल बनाने की कार्य योजना तैयार है। मंत्री ने बताया कि ग्रामीण सड़कों की जानकारी अब एप पर भी उपलब्ध होगी। विभाग इसके लिए एप विकसित कर रहा है और यह पन्द्रह दिनों में काम करने लगेगा।

---

पटना उच्च न्यायालय के निर्देश पर नियोजित शिक्षकों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच पूरी कर ली गयी है। निगरानी विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने इस संबंध में पटना उच्च न्यायालय को सूचित कर दिया है। विभिन्न जिलों में दो हजार सात सौ अड़सठ आरोपी शिक्षकों के खिलाफ एक हजार पांच सौ तिरेसठ मामले दर्ज किये गये हैं।

---

प्रदेश के पांच हजार चार सौ तेरह राजस्व गांवों में चकबंदी का काम पूरा हो गया है। वर्तमान में पांच जिलों के उनतालीस अंचलों के तीन सौ उनतीस गांवों में चकबंदी का काम चल रहा है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह की अध्यक्षता में चकबंदी की समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गयी। बैठक में पांच जिलों में जारी चकबंदी कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गयी।

---

प्रदेश में बाढ़ सुरक्षा और सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए नई योजनाओं पर काम होगा। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि विभागीय बैठक में पटना, अरवल और जहानाबाद जिलों में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने, पटना मुख्य नहर और आरा मुख्य नहर के पुनर्स्थापन और लाइनिंग कार्यों की प्रगति की विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही बदुआ और खड़गपुर जलाशय को गंगा नदी के अधिशेष जल से भरने की योजना पर भी विचार–विमर्श हुआ। बैठक में कोसी–मेची नदी जोड़ योजना की वर्किंग डीपीआर की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

---

राज्य की ग्राम पंचायतों में मनरेगा से बनने वाले खेल मैदान के लिए छह हजार चार सौ जगह चिह्नित कर लिये गये हैं। ग्रामीण विकास विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारियों को पच्चीस नवम्बर तक खेल मैदान निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति देने के निर्देश दिये गये हैं।

---

राज्य में पैक्स चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू होगी। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया कल तक चलेगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि बाईस नवम्बर तक निर्धारित है।

---

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कल दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे। श्री कोविंद आज सासाराम में गोपालनारायण सिंह विश्वविद्यालय के वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही वे पटना के रवींद्र भवन में बिहार कोकिला शारदा सिन्हा की श्रद्धांजलि सभा में भी शामिल होंगे।

---

राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव और विधान पार्षद अब्दुलबारी सिद्दिकी बिहार विधान परिषद में विरोधी दल के मुख्य सचेतक बनाए गए हैं। विधान परिषद के सचिव अखिलेश कुमार झा ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पूर्वी चम्पारण जिले के घोड़ासहन स्टेशन के पास एक ट्रेन को उड़ाने की साजिश करने के मामले में तीन आरोपियों को मोस्टवांटेड घोषित किया है। इसमें नेपाल के बारा जिले के समसुल होदा, ब्रिजकिशोर गिरी और पाकिस्तान के कराची के मोहम्मद साफी शामिल है।

———————————————————————————

पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत आसरा गृह की एक और बच्ची को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्त्ती कराया गया है। उसका आईसीयू में ईलाज चल रहा है। इधर, समाज कल्याण विभाग के निदेशक विजय प्रकाश मीणा ने बताया कि राज्य के सभी आसरा गृहों की जांच शुरू हो गयी है। दस दिनों में रिपोर्ट की समीक्षा की जायेगी। इस बीच, भाकपा और बिहार महिला समाज की पांच सदस्यीय जांच टीम ने पीएमसीएच पहुंचकर इलाजरत बच्चियों का हाल–चाल जाना।

———————————————————————————

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। यह दिन प्रतिवर्ष सोलह नवम्बर को स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की भूमिका को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है। प्रेस की उच्च गुणवत्ता बनाए रखने और उसे किसी भी बाहरी दबाव या असर से मुक्त रखने के लिए आज ही के दिन से भारतीय प्रेस परिषद ने काम करना शुरू किया था। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव नई दिल्ली में समारोह को संबोधित करेंगे। इस वर्ष मुख्य समारोह की थीम है प्रेस का बदलता स्वरूप। इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————————

पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने के साथ ही प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। इधर, आज सुबह से प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में घना कोहरा छाया हुआ है। पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, किशनगंज और सुपौल समेत ग्यारह जिले घने कोहरे की चपेट में है। वहीं, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, मधेपुरा और कटिहार समेत सात जिलों में मध्यम स्तर का कोहरा छाया हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चार से पांच दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आने की संभावना है। वहीं, हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा।

———बाईट———

इधर, कोहरे के कारण पटना हवाई अड्डे से विमानों का परिचालन प्रभावित हुआ है। कल उन्नीस फ्लाईट की उड़ान प्रभावित हुई।

———————————————————————

प्रदेश में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान हाजीपुर और सहरसा की हवा बेहद खतरनाक बनी रही। हाजीपुर का एक्यूआई तीन सौ पैंतीस और सहरसा का तीन सौ दर्ज किया गया। वहीं, पूर्णियां का एक्यूआई दो सौ उनचास, पटना का दो सौ पैंतालीस और अररिया का दो सौ तैंतालीस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने मौसमी बीमारियों को देखते हुये सभी राज्यों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस संबंध में सभी राज्यों के स्वास्थ्य विभाग को दिशा–निर्देश जारी किया है। दिशा–निर्देश में कहा गया है कि सांस लेने में तकलीफ से जुड़ी बीमारियां सामने आ रही हैं। इससे बचाव के लिए अस्पतालों को कोविड जैसी तैयारी रखनी होगी। मंत्रालय ने अस्पतालों से वेंटीलेटर और उपलब्ध दवाओं से संबंधित रिपोर्ट भी तलब की है।

———————————————————————

राजगीर में आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत का सामना चीन से होगा। मैच शाम चार बजकर पैंतालीस मिनट पर शुरू होगा। पिछले मुकाबले में भारत ने थाईलैण्ड को एक तरफा मुकाबले में तेरह–शून्य से पराजित किया था। वहीं, चीन ने जापान को दो–एक से शिकस्त दी थी। इस टूर्नामेंट में दोनों ही टीमें अबतक अपराजेय हैं। अन्य मैचों में, आज सवा बारह बजे मलेशिया का सामना जापान से और ढ़ाई बजे दक्षिण कोरिया का मुकाबला थाईलैण्ड से होगा।

———————————————————————

बिहार के वैभव सूर्यवंशी आईपीएल की नीलामी के लिए शार्टलिस्ट किए जानेवाले दुनिया के सबसे कम उम्र के क्रिकेटर बने हैं। उनकी उम्र तेरह वर्ष है। वैभव का चयन अंडर नाईनटीन टीम में भी हुआ है। वे इस सत्र में बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी सीनियर राज्य टीम के लिए भी चुने गये हैं। वैभव हेमन ट्रॉफी, कूच बिहार ट्रॉफी और बीनू मांकड़ ट्रॉफी में भी बिहार का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। आईपीएल ने वैभव का बेसप्राइस तीस लाख रूपये रखा गया है।

———————————————————————

पटना से सहरसा के बीच चलायी जा रही अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब उन्नीस दिसम्बर तक किया जायेगा। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने यह जानकारी दी।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अगले वर्ष होने वाली इंटरमीडिएट और मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। छात्र अब तेईस नवंबर तक विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भर सकते हैं।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के जयसिंहपुर के मिश्री टोला में पुलिस ने छापेमारी कर दस किलो से अधिक चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में एक महिला भी शामिल हैं, जो नेपाल की नागरिक है।

———————————————————————————

कटिहार जिले के पोठिया थाना क्षेत्र के खैरा समेली से पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक सौ आठ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के कंगली थाना क्षेत्र से पुलिस ने पचपन हजार रूपये से अधिक मूल्य के जाली नोट के साथ नेपाल के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती समारोह से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है–जिसे कोई नहीं पूछता, उसे मोदी पूजता।

प्रभात खबर ने इसी समाचार को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– जमुई में पीएम ने बिरसा मुंडा की जयंती पर छह हजार छह सौ करोड़ रूपये की योजनाओं का तोहफा दिया।

दैनिक जागरण ने लिखा है–बीपीएससी से प्राथमिक और मध्य विद्यालय में अड़तीस हजार नौ सौ शिक्षकों का हुआ चयन।

दैनिक भास्कर ने शराबबंदी पर पटना हाई कोर्ट की टिप्पणी को प्रमुखता देते हुये लिखा है– पुलिस और तस्करों ने इसे कमाई का जरिया बनाया।

राष्ट्रीय सहारा और दैनिक आज समेत सभी समाचार पत्रों ने टी–ट्वेंटी श्रृखंला में भारत की दक्षिण अफ्रीका पर जीत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. प्रदेश की पच्चीस हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का पुनर्निर्माण, उन्नयन और नवीनीकरण किया जाएगा। अगले वर्ष मार्च महीने तक ध्वस्त हुये छह सौ पुल–पुलियों का किया जायेगा निर्माण।

02. निगरानी जांच ब्यूरो ने नियोजित शिक्षकों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच पूरी की। दो हजार सात सौ अड़सठ आरोपी शिक्षकों के खिलाफ दर्ज किया गया मामला।

03. राजगीर में आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत का मुकाबला चीन से।

04. और, पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने के साथ ही प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में आई गिरावट। हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में सुबह से ही छाया हुआ है घना कोहरा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।